दिनांक 05–12–2018 ओ अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की 50 छात्राएँ महिला प्रकोष्ठ एवं अंग्रेज़ी विभाग के संरक्षण में महिला पुलिस थाना, बल्लबगढ़ सैक्टर–64 गईं जिसका उद्देश्य छात्राओं को जागरूक करना था । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त की सत् प्रेरणा से छात्राओं की सुरक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं इसी श्रृंखला में यह भ्रमण आयोजित किया गया । वहाँ पर थाना अधिकारी ने श्रीमती सविता ने छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी अनेकानेक जानकारियाँ देते हुए बताया कि घरेलू हिंसा, यौन उतपीडन इत्यादि के लिए कौन–कौन सी धाराएँ हैं और किस तरह महिलाएँ महिला पुलिस थाना में अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं उसकी संपूर्ण प्रक्रिया विस्तार से बताई और कहा कि घरेलू हिंसा में एफ.आई.आर से पहले तीन काउंसलिंग की जाती हैं ताकि बातचीत से ही समझौता हो सके । महिला सुरक्षा के लिए हैल्प लाइन नं 1091, 1098 इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया जिससे महिलाएँ किसी भी परेशानी में मदद ले सकती हैं साथ ही, किसी भी विपत्ति में दुर्गाशक्ति एप से भी मदद ले सकती हैं और अपना बचाव कर सकती हैं । पॉक्सो एक्ट की भी चर्चा की जिसके अन्तर्गत 18 साल से कम उम्र के क्राइम आते हैं । यह भ्रमण अंग्रेज़ी विभागाध्यक्षा श्रीमती कमल टंडन एवं महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. गीता गुप्ता एवं डॉ रेनू माहेश्वरी के नेतृत्व में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ । छात्राओं ने अनेकानेक जिज्ञासाओं का समाधान किया और वे लाभान्वित हुईं ।